दैनिक विश्वमित्र

मीनू बुधिया की यात्रा– एक स्पेशल मां का सामाजिक प्रभाव

कोलकाता, 16 जुलाई (नि.प्र.)। विशेष माँ। मनोचिकित्सक। उद्यमी। स्तंभकार। टेडेक्स स्पीकर। मीनू बुधिया के कई रूप हैं लेकिन उनकी यात्रा आसान नहीं रही है। एक लघु पावरहाउस, जिसका मंत्र है 'इमपर्फेक्टली पर्फेक्ट' – वह हर जगह पर महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनकी वर्जनाओं, बाधाओं आदि को पार करने वाली जबर्दस्त यात्रा को क्रमबद्ध करने और समुदाय तक पहुंचने के लिए 16 जुलाई 2021 को उन्होंने अपनी वेबसाइट www.minubudhia.com लॉन्च की। पूर्व व उत्तर पूर्व भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले ब्रिटिश उप उच्चायुक्त, कोलकाता, निक लो ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अपने दिवंगत पिता, ग्लासगो के नायक को लॉन्च समर्पित करते हुए मीनू बुधिया ने कहा, असम के तिनसुकिया में एक छोटे शहर की लड़की से जो डॉक्टर बनना चाहती थी से आज मैं यहां हूं – मेरी जिंदगी उतार–चढ़ाव वाली यात्रा रही है। मैं खुशनसीब हूं कि कई चुनौतियों की तरह मुझे कई आशीर्वाद भी मिले हैं। मेरे पास एक उत्साह बढ़ाने वाले मेरे पति संजय हैं जो मेरी ताकत का स्तंभ है और मेरे पंख की ताकत हैं। मेरी दो प्यारी बेटियाँ हैं। प्राची, मेरी छोटी प्यारी, मेरी ताकत और मेरी प्रेरणा है। एडीएचडी, लो आईक्यू और बाइपोलर डिसऑर्डर से ग्रसित एक विशेष आवश्यकता वाली बच्ची मेरी सामाजिक पहल के पीछे की वजह है जो मेरे साथ उसकी यात्रा को

श्रद्धांजलि है। निक लो, कोलकाता में ब्रिटिश उप उच्चायुक्त, ने कहा, सभी मां खास होती हैं, कुछ औरों से ज्यादा खास होती हैं। मैं बाधाओं को पार करने वाली कहानियों के मामले में कुछ खास नहीं और आपकीकहानी परीकथा सी झिलमिलाती है। आपने कइयों को प्रेरित किया है जिनमें मेरी बेटी भी शामिल है। जो आपसे मिलने और आपके कार्यों को देखने के बाद मनोचिकित्सक बनना चाहती है। कोविड –19 ने ऐसी कई बीमारियों पर प्रकाश डाला है जिनपर पहले ध्यान देना चाहिए था मुख्य रूप से मानसिक स्वास्थ्य और खासकर किशोरों का मानसिक स्वास्थ्य। आपकी कुल गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता, जो भीतर से आती है, शानदार है। वेबसाइट को सही समय पर लॉन्च किया गया है और मैं अग्रिम पंक्ति में रहने के लिए किसी के बारे में आपसे बेहतर नहीं सोच सकता। हम सभी एक विरासत छोड़ना चाहते हैं और आपकी अभी शुरुआत हुई है। मैं आपके दिन का हिस्सा बनने पर विनम्रता का अनुभव कर रहा हूं। मानसिक स्वास्थ्य देखभाल और विशेष जरूरत शिक्षा, के प्रति वह बेहद भावुक हैं। मीनू केयरिंग माइंड्स (मानसिक स्वास्थ्य संस्थान), ICanFlyy (विशेष संस्थान) की संस्थापक निदेशक तथा कैफे ICanFlyy (दिव्यांगों का सशक्तिकरण) की संस्थापकहैं। वह पैटन ग्रुप तथा एडलाइफ फिटनेस एंड स्पा में निदेशक भी हैं। एक बदलाव लाने वाली महिला जिनका विशिष्ट उद्देश्य है।